दिनांक 20.04.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ लोकसभा निर्वाचन 2019 का मतदान 23 अप्रैल के बाद 23 मई को होने वाले मतगणना स्थल का जिलाधीश अंकित आनंद , अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल , आयुक्त एस0के0 सुंदरानी, दुर्ग निगम आयुक्त सुनील अग्रहरि ने रुंगटा कालेज जुनवानी का अवलोकन किया।

जिलाधीश ने विधानसभावार बनाये गये मतगणना कमरों का निरीक्षण किये उन्होने कमरों में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था करने को कहा। सुरक्षा की दृष्टि से बेरिकेट लगाने, सामान वापसी हेतु काउंटर, तथा प्रसाधन की व्यवस्था करने को कहा। एडीएम श्री अग्रवाल ने स्ट्रांग रुम सहित आॅनलाईन प्रविष्टि , मिडिया सेन्टर , उद्घोषणा काउंटर , सहित अन्य आवश्यक जानकारी जिलाधीश को भवन का भ्रमण करवाकर दी है।

जिलाधीश ने आयुक्त एस 0के0 सुंदरानी से कहा कि महिला एवं पुरुष के लिए स्थल पर अलग-अलग मोबाईल टायलेट सुविधा सुनिश्चित कर लेवें महिला टायलेट स्थल को केनात से घेरा भी करने तथा पूरे परिसर में पर्याप्त मात्रा में डस्टबीन रखने को कहा है , पानी की व्यवस्था हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किये। मतदान दल की भोजन व्यवस्था हेतु कालेज में संचालित केन्टीन को चालू रखने को कहा गया है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता आर0के0 साहू, उपायुक्त अशोक द्विवेदी , टी0पी0 लहरे, जोन 02 के आयुक्त संजय शर्मा, भवन अधिकारी सुनील जैन, पीएचई के अनिल बच्चन, प्रभारी शिक्षा अधिकारी वाई0के0 राव, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा , जावेद अली, सहित अन्य अधिकारी , कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी